# कार्यालय जिलाधिकारी, जौनपुर

## दिनांक: 24.04.2026 को जनपद में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता व जल स्रोत स्थिरता कार्य योजना से सम्बन्धित सम्पन्न सम्पूर्ण समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

दिनांक: 24.04.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अपरान्ह 5:00 बजे जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता व जल स्रोत स्थिरता कार्य योजना के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही–

1. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
2. डॉ0 अरूण कुमार यादव, डिप्टी सी0एम0ओ0, स्वास्थ्य विभाग, जौनपुर।
3. श्री रविन्द्र कुमार, एडिशनल डी0ए0ओ0, कृषि विभाग, जौनपुर।
4. श्री हरिओम श्रीवास्तव, एस0डी0ओ0, वन विभाग, जौनपुर।
5. श्री आदित्य सिंह, जे0इं0, (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. श्री सत्यपाल सिंह, जे0ई0, लघु सिंचाई, जौनपुर
7. प्रतिनिधि, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
8. प्रतिनिधि, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
9. श्री प्रवीण मुसाले, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) जौनपुर।
10. श्री संदीप दूबे प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जी0ए0 इन्फ्रा, जौनपुर।
11. श्री धर्मेन्द्र सिंह, ए0जी0एम0, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।

**बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–**

(1). **मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।**

**सम्बन्धित फर्म की कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की प्रगति निम्नानुसार पायी गयी–**

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | नलकूप | | पम्प हाउस | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पम्पिंग प्लाण्ट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | पूर्व में | 16793 | 13552 | 870 | 840 | 870 | 747 | 870 | 536 | 869 | 201 | 870 | 469 |
| 2 | वर्तमान में | 16793 | 13552 | 870 | 840 | 870 | 747 | 870 | 536 | 869 | 201 | 870 | 469 |

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2028 | 60 | 79.75 |
| 2 | 31.12.2028 | 47 | 76.10 |
| 3 | 31.12.2028 | 53 | 72.77 |
| 4 | 31.12.2028 | 92 | 70.41 |
| 5 | 31.12.2028 | 129 | 70.67 |
| 6 | 31.12.2028 | 134 | 65.53 |
| 7 | 31.12.2028 | 81 | 55.19 |
| 8 | 31.12.2028 | 101 | 63.64 |
| 9 | 31.12.2028 | 85 | 60.37 |
| 10 | 31.12.2028 | 41 | 56.30 |
| 11 | 31.12.2028 | 47 | 53.13 |
| **Total** | | **870** | **70.03** |

जिलाधिकारी, जौनपुर द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांक: 01.04.2026 को आयोजित बैठक से दिनांक: 23.04.2026 तक पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण में प्रगति की जानकारी अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) से चाही गयी। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की पूर्व की बैठक से वर्तमान बैठक तक नलकूप निर्माण, पम्प हाउस निर्माण, सोलर पैनल अधिष्ठापन तथा शिरोपरि जलाशय के निर्माण में कोई भी प्रगति फर्म द्वारा नहीं की जा सकी। 23 दिन में समस्त घटकों की प्रगति शून्य होने की दशा में जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। विगत व वर्तमान बैठक के मध्य कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में फर्म के प्रतिनिधि श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि सोलर पैनल फाउण्डेशन का निर्माण कार्य 06 नग पेयजल योजनाओं में प्रगति पर है, शिरोपरि जलाशय के निर्माण हेतु टीमें फाईनलाईज्ड कर दी गयी है इसके अतिरिक्त लिकेज मरम्मत, पम्प लोरिंग, कैम्पस डेवलपमेन्ट, चैम्बर निर्माण सम्बन्धित कार्य विभिन्न पेयजल योजनाओं पर प्रगति पर है। आगामी जिला पेयजल एव स्वच्छता समिति की बैठक में अपेक्षित प्रगति प्राप्त कर ली जायेगी।

CamScanner

(2). फर्म द्वारा निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति न किये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा फर्मो को निर्देशित किया गया कि लिखित रूप में स्पष्ट कारणों का उल्लेख करते हुए अधोहस्ताक्षरी को अधिशासी अभियन्ता के माध्यम से अवगत कराना सुनिश्चित करें, फर्म द्वारा उनके उल्लिखित लक्ष्य को समयान्तर्गत पूर्ण न किये जाने की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु संस्तुति कर दी जायेगी।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी एवं मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर )**

(3). **मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) जौनपुर।**

**मेसर्स वेलस्पन की कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की प्रगति निम्नानुसार पायी गयी–**

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | नलकूप | | पम्प हाउस | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पम्पिंग प्लाण्ट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | पूर्व में | 7168 | 6683 | 355 | 351 | 355 | 337 | 355 | 217 | 355 | 97 | 355 | 212 |
| 2 | वर्तमान में | 7168 | 6683 | 355 | 351 | 355 | 337 | 355 | 217 | 355 | 97 | 355 | 212 |

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2028 | 118 | 76.40 |
| 2 | 31.12.2028 | 30 | 70.34 |
| 3 | 31.12.2028 | 54 | 70.84 |
| 4 | 31.12.2028 | 3 | 75.44 |
| 5 | 31.12.2028 | 19 | 66.44 |
| 6 | 31.12.2028 | 72 | 68.29 |
| 7 | 31.12.2028 | 44 | 62.71 |
| 8 | 31.12.2028 | 10 | 62.00 |
| 9 | 31.12.2028 | 5 | 57.97 |
| | Total- | 355 | 67.83 |

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)**

मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) द्वारा भी पाइप पेयजल योजना के निर्माण में प्रगति शून्य होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया एवं आगामी जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक से पूर्व अधिक से अधिक मशीनरी एवं मैनपॉवर लगाकर पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य मिशन मोड में कराकर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया, अपेक्षित प्रगति न होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की संस्तुति कर दी जायेगी।

(4) जिलाधिकारी द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांकः 01.04.2026 को आयोजित बैठक में दिये गये निर्देश के अनुपालन में समस्त जूनियर इंजीनियर द्वारा विकास खण्डवार प्रगति रिपोर्ट कार्यवृत्त में संलग्न किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा उक्त रिपोर्ट का संदर्भ ग्रहण करते हुए फर्म मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) पर निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं प्राप्त किये जाने के कारण अतिरिक्त लिक्विडिटी डैमेजेज लगाये जाने हेतु संस्तुति कर अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से सक्षम स्तर को पत्र प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

(5) जिलाधिकारी की अनुमति से जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी द्वारा तैयार विकास खण्डवार सोर्स सस्टेनेबिलिटी प्लान प्रस्तुत किया गया जिसके क्रम में खण्ड कार्यालय (वि0/यॉ0), उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी के जूनियर इंजीनियर श्री आदित्य सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद जौनपुर की कुल वार्षिक जल उपलब्धता के सापेक्ष मात्र 10 से 12 प्रतिशत जल ही पाइप पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति हेतु प्रयोग किया जायेगा, जिससे स्पष्ट है कि पाइप पेयजल योजना के अभिकल्पित आयु तक स्रोत का स्थायित्व बना रहेगा जिस पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी एवं मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) )**

CamScanner

(6) जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) से आई0जी0आर0 एस0 पोर्टल पर कुल प्राप्त शिकायतों एवं उसके सापेक्ष निस्तारित एवं लम्बित संदर्भों की जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कुल प्राप्त 2812 संदर्भों के सापेक्ष 2760 संदर्भ निस्तारित तथा लम्बित 52 संदर्भ हैं। डिफाल्टर श्रेणी में शून्य संदर्भ है।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(7) जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन हेल्प लाइन नम्बर–18001212164 का अंकन सभी पाइप पेयजल योजनाओं पर अनिवार्य रूप से कराये जाने तथा हेल्प लाइन पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(8) जिलाधिकारी द्वारा ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पाइप पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति का समय प्रातः एवं शायं दो–दो घण्टे से बढ़ाकर तीन–तीन घण्टे किये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि शासन की मंशा के अनुरूप जल जीवन मिशन अन्तर्गत आम जनमानस को हर घर नल से जल से आच्छादित किया जा सके।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(9) जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक पाइप पेयजल योजनाओं को क्रियाशील करते हुए क्लोरीन युक्त शुद्ध पाइप पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाप्त की गयी।

(ऋषिकेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
जौनपुर

(ध्रुव खाड़िया)
मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
जौनपुर

(डॉ0 दिनेश चन्द्र)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
जौनपुर
09/03/2026

पत्रांक: 7S3 /जल जी0 1/7/54 दिनांक: 4/03/2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
5. अधिशाासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
6. अधिशाासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
7. डॉ0 अरूण कुमार यादव, डिप्टी सी0एम0ओ0, स्वास्थ्य विभाग, जौनपुर।
8. श्री रविन्द्र कुमार, एडिशनल डी0ए0ओ0, कृषि विभाग, जौनपुर।
9. श्री हरिओम श्रीवास्तव, एस0डी0ओ0, वन विभाग, जौनपुर।
10. श्री सत्यपाल सिंह, जे0ई0, लघु सिंचाई, जौनपुर
11. प्रतिनिधि, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
12. प्रतिनिधि, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
13. श्री प्रवीण मुसाले, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) जौनपुर।
14. श्री संदीप दूबे प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जी0ए0 इन्फ्रा, जौनपुर।
15. श्री धर्मेन्द्र सिंह, ए0जी0एम0, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।

जिलाधिकारी
जौनपुर
09/03/2026

CamScanner